# Growth of Internet (इन्टरनेट का विकास)

हाल के वर्षों में इंटरनेट का विस्तार इतनी तेजी से हुआ है कि पूरा संसार आश्चर्यचकित है वास्तव में इंटरनेट का विस्तार कंप्यूटर के विस्तार से जुड़ा हुआ है और कंप्यूटर का विस्तार इंटरनेट से जुड़ा हुआ है यह दोनों एक दूसरे के माध्यम और सहायता से अपना अपना विस्तार कर रहे हैं हम कह सकते हैं कि इंटरनेट और कंप्यूटर एक दूसरे के पूरक है|
इंटरनेट का विस्तार वर्ल्ड वाइड वेब की उपयोगिता के कारण हुआ है वर्ल्ड वाइड वेब आज सूचनाओं का सबसे बड़ा स्त्रोत है कोई भी व्यक्ति बहुत कम खर्च में इस पर अपनी आवश्यकता की सूचनाएं सर्च कर सकता है और उनका उपयोग कर सकता है इस कारण ही इंटरनेट की उपयोगिता बढ़ी हैं|

इन्टरनेट के विस्तार का दूसरा प्रमुख कारण इसकी सरलता और सुगमता है इंटरनेट से जोड़ना और किसी साइट को खोलना उतना ही सरल है जितना टेलीफोन पर किसी नंबर को डायल करना है|

इंटरनेट के विस्तार का तीसरा प्रमुख कारण संचार की सुविधा है क्योंकि इंटरनेट के माध्यम से हम बहुत ही कम खर्च में किसी भी व्यक्ति को कोई भी डाटा या सूचना एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से पहुंचा सकते हैं और तुरंत ही उसका उत्तर प्राप्त कर सकते हैं यह एक ऐसी सुविधा है जो किसी अन्य माध्यम पर उपलब्ध नहीं है इंटरनेट और ईमेल के कारण ही हम पूरी दुनिया से जुड़े हुए हैं|

सन 1995 में इंटरनेट के उपयोगकर्ता की संख्या केवल 1600000 थी जो अब 2008 में बढ़कर लगभग 16 करोड हो गई है आज संसार की जनसंख्या का लगभग 20% भाग इंटरनेट का लाभ उठा रहा है यह संख्या भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है|